राजस्थान सरकार
ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग,
महात्मा गांधी नरेगा (ग्रुप–3), सचिवालय, जयपुर
(Phone : 0141-2227956, 2227170 E-mail: pdre_rdd@yahoo.com)

क्रमांक : एफ 40(120)ग्रावि/नरेगा/100 Days/2019/00014 जयपुर, दिनांक : 2 JUN 2020

जिला कार्यक्रम समन्वयक, ईजीएस
एवं जिला कलक्टर, समस्त।

विषय :– महात्मा गांधी नरेगा योजनान्तर्गत एक ग्राम चार काम अभियान की प्रगति सूचना भिजवाने बाबत।

प्रसंग :– विभागीय परिपत्र क्रमांक एफ 4(427)पराविं/पीसी/जन घोषणा/2019/2658 दिनांक 21.10.2019 एवं समसंख्यक अ.शा. पत्र दिनांक 17.03.2020।

महोदय/महोदया,

उपरोक्त विषयान्तर्गत प्रासंगिक पत्र दिनांक 21.10.2019 (प्रति संलग्न) द्वारा दिनांक 02 अक्टूबर, 2019 से 31 दिसम्बर, 2019 के बीच होने वाली ग्राम सभाओं में ग्राम पंचायत विकास योजना (GPDP) एवं महात्मा गांधी नरेगा योजना की वर्ष 2020–21 की वार्षिक कार्य योजना में प्रत्येक राजस्व गाँव में खेल मैदान, चारागाह विकास, आदर्श जलाशय विकास एवं श्मशान/कब्रिस्तान विकास के कम से कम एक–एक कार्य सम्मिलित कराने हेतु ग्राम सभा को प्रेरित और प्रोत्साहित करने हेतु निर्देशित किया गया था।

साथ ही इनमें से ऐसे कार्य जो वर्ष 2019–20 की वार्षिक कार्य योजना में सम्मिलित थे, लेकिन स्वीकृत नहीं हुए उन्हें नियमानुसार स्वीकृत कराने तथा ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग/लाइन विभाग की विभिन्न योजनाओं में कन्वर्जेन्स के तहत स्वीकृत खेल मैदान, चारागाह विकास, आदर्श जलाशय विकास एवं श्मशान/कब्रिस्तान विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराने एवं इसकी प्रगति सूचना प्रत्येक पखवाड़े भिजवाने हेतु निर्देश दिये गये। प्रासंगिक अ.शा. पत्र दिनांक 17.03.2020 द्वारा पुनः इस सम्बन्ध में निर्देशित किया गया।

इस सम्बन्ध में वांछित प्रगति सूचना प्राप्त नहीं हो रही है। कृपया अर्जित प्रगति की सूचना परिशिष्ट–1 पर संलग्न संशोधित प्रपत्र में प्रत्येक माह की एक एवं पन्द्रह तारीख को जरिये ईमेल (pdre_rdd@yahoo.com) भिजवाया जाना सुनिश्चित करावे।

भवदीय

(पी.सी. किशन)
आयुक्त, ईजीएस

संलग्न :– उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. निजी सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव, ग्रावि एवं पराविं, सचिवालय, जयपुर।
2. अति. जिला कार्यक्रम समन्वयक, ईजीएस एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद समस्त।
3. अधिषाशी अभियन्ता, ईजीएस जिला परिषद समस्त।
4. सहायक निदेशक (आयोजना), ईजीएस मुख्यालय, जयपुर को प्रत्येक पखवाड़े संकलित प्रगति सूचना प्रस्तुत करने हेतु।

अधीक्षण अभियंता, ईजीएस

E:\NAND KISHOR\2020\2. Letter-H 20.docx 5:17:06 PM

PTO

Scanned with CamScanner

परिशिष्ट–1

एक ग्राम चार काम अभियान की प्रगति सूचना

जिला :..................   राजस्व गाँवों की संख्या : ....   माह : ....

क्र. सं.	कार्य	लिए गये कार्यो की संख्या			पूर्ण कार्यो की संख्या			प्रगतिरत कार्यो की संख्या	कुल व्यय राशि (लाखों में)	विशेष विवरण
		दिनांक 31.03.2020 तक	वि.वर्ष 2020–21 में अब तक	कुल योग	दिनांक 31.03.2020 तक	वि.वर्ष 2020–21 में अब तक	कुल योग			
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
1.	चारागाह विकास									
2.	मॉडल जलाशय विकास									
3.	श्मशान/कब्रिस्तान विकास									
4.	खेल मैदान विकास									

नोट :– चारागाह विकास की प्रगति अन्तर्गत कार्यो की संख्या के साथ–साथ कॉलम संख्या–11 पर उपचारित क्षेत्रफल हैक्टेयर में भी देवें।

Scanned with CamScanner